इसे वेबसाईट **www.govtpressmp.nic.in** से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 36] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 9 सितम्बर 2011—भाद्र 18, शक 1933

विषय-सूची

भाग 1.—(1) राज्य शासन के आदेश, (2) विभाग प्रमुखों के आदेश, (3) उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं, (4) राज्य शासन के संकल्प, (5) भारत शासन के आदेश और अधिसूचनाएं, (6) निर्वाचन आयोग, भारत की अधिसूचनाएं, (7) लोक-भाषा परिशिष्ट.

भाग 2.—स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं.

भाग 3.—(1) विज्ञापन और विविध सूचनाएं.
(2) सांख्यिकीय सूचनाएं.

भाग 4.—(क) (1) मध्यप्रदेश विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद् में पुरःस्थापित विधेयक,
(ख)(1) अध्यादेश, (2) मध्यप्रदेश अधिनियम, (3) संसद् के अधिनियम,
(ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अंतिम नियम.

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 17 अगस्त 2011

क्र. ई-1-271-2011-5-एक.—श्री रजनीश कुमार श्रीवास्तव, भाप्रसे, अपर कलेक्टर, भोपाल को अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक, स्थानापन्न उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, वन विभाग पदस्थ किया जाता है.

क्र. ई-1-269-2011-5-एक.—लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी में दूसरे चरण के प्रशिक्षण से लौटने पर 2009 बैच के सीधी भरती के नीचे दर्शाये भाप्रसे के अधिकारियों को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, खाना (3) में अंकित पद पर पदस्थ किया जाता है:—

क्र.	अधिकारी का नाम एवं प्रशिक्षण पूर्व पदस्थापना	प्रशिक्षण से लौटने पर पदस्थापना
(1)	(2)	(3)
1	श्री तरूण कुमार पिथौड़े, सहायक कलेक्टर, उज्जैन.	अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डबरा, जिला ग्वालियर.
2	श्री अविनाश लवानिया, सहायक कलेक्टर,नरसिंहपुर.	अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) महू, जिला इन्दौर.
3.	सुश्री प्रियंका दास, सहायक कलेक्टर, जबलपुर.	अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नरसिंहगढ़, जिला राजगढ़.

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2011.

(1)	(2)	(3)
4.	श्री अभिषेक सिंह, सहायक कलेक्टर, छिन्दवाड़ा.	अनुविभागीय अधिकारी,(राजस्व) सबलगढ़, जिला मुरैना.
5.	श्री तेजस्वी एस. नायक, सहायक कलेक्टर, होशंगाबाद.	अनुविभागीय अधिकारी, (राजस्व) कटनी, जिला कटनी.
6.	श्री अमित तोमर, सहायक कलेक्टर, जबलपुर.	अनुविभागीय अधिकारी, (राजस्व) सीहोरा, जिला जबलपुर.

(2) धनराजू एस. भाप्रसे (2009), सहायक कलेक्टर, भोपाल को, अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक, स्थानापन्न अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), इटारसी, जिला होशंगाबाद पदस्थ किया जाता है.

(3) लालबहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी में दूसरे चरण के प्रशिक्षण से लौटने पर 2009 बैच के सीधी भरती के नीचे खाना (2) में दर्शाये भाप्रसे के अधिकारियों को उनके नाम के समक्ष खाना (3) में दर्शाए गए पद पर अस्थाई रूप से, आगामी आदेश तक पदस्थ किया जाता है:—

क्र.	अधिकारी का नाम एवं प्रशिक्षण पूर्व पदस्थापना	प्रशिक्षण से लौटने पर पदस्थापना
(1)	(2)	(3)
1	सुश्री सूफिया फारूखी, सहायक कलेक्टर, इन्दौर.	सहायक कलेक्टर, सिंगरौली
2.	श्री अजय गुप्ता, सहायक कलेक्टर, शहडोल.	सहायक कलेक्टर, भोपाल
3.	श्री श्रीकांत बनोठ, सहायक कलेक्टर, धार.	सहायक कलेक्टर, इन्दौर

(4) सुश्री प्रीति मैथिल, भाप्रसे (2009), सहायक कलेक्टर, सागर एवं श्री इलैया राजा टी. भाप्रसे (2009), सहायक कलेक्टर, सिवनी, मसूरी में दूसरे चरण के प्रशिक्षण से लौटने पर यथास्थान पदस्थ रहेंगे.

भोपाल, दिनांक 18 अगस्त 2011

क्र. ई-5-811-आयएएस-लीव-5-एक.—श्री एस. एस. बंसल, आयएएस., अपर आयुक्त (राजस्व), उज्जैन संभाग, उज्जैन को दिनांक 25 अगस्त से दिनांक 3 सितम्बर 2011 तक दस दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. तथा उक्त अवकाश के साथ दिनांक 4 सितम्बर 2011 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री एस.एस. बंसल को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न अपर आयुक्त (राजस्व) उज्जैन संभाग, उज्जैन के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री बंसल को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री बंसल, अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 19 अगस्त 2011

क्र. ई-5-464-आयएएस-लीव-5-एक.—श्री जयदीप गोविन्द, आयएएस., मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं पदेन प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, विधि एवं विधायी कार्य (निर्वाचन), विभाग को दिनांक 16 से 19 अगस्त 2011 तक चार दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. उक्त अवकाश के साथ दिनांक 13, 14, 15 एवं 20, 21, 22 अगस्त 2011 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) श्री जयदीप गोविन्द की अवकाश अवधि में श्री सुरेन्द्र कुमार कथुरिया, राप्रसे, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ, अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं पदेन प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, विधि एवं विधायी कार्य (निर्वाचन) विभाग का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री जयदीप गोविन्द को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं पदेन प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, विधि एवं विधायी कार्य (निर्वाचन) विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री जयदीप गोविन्द द्वारा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं पदेन प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, विधि एवं विधायी कार्य (निर्वाचन) विभाग का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री सुरेन्द्र कुमार कथुरिया, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं पदेन प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, विधि एवं विधायी कार्य (निर्वाचन) विभाग के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री जयदीप गोविन्द को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री जयदीप गोविन्द अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

(7) श्री जयदीप गोविन्द, आयएएस., द्वारा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं पदेन प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, विधि एवं विधायी कार्य (निर्वाचन) विभाग का कार्यभार ग्रहण करने के कारण इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 19 जुलाई 2011 द्वारा स्वीकृत अर्जित अवकाश को निरस्त किया जाता है.

क्र. ई-5-702-आयएएस-लीव-5-एक.—श्री प्रदीप खरे, आयएएस., कमिश्नर, शहडोल संभाग, शहडोल को दिनांक 23 से 27 अगस्त 2011 तक पांच दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा इस अवकाश के साथ दिनांक 20, 21, 22 एवं 28 अगस्त 2011 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) श्री प्रदीप खरे की अवकाश की अवधि में श्री टी. धार्माराव, आयएएस., कमिश्नर, रीवा संभाग, रीवा को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ, अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, कमिश्नर, शहडोल संभाग शहडोल का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री प्रदीप खरे को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक, स्थानापन्न कमिश्नर, शहडोल संभाग, शहडोल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री प्रदीप खरे द्वारा कमिश्नर, शहडोल संभाग, शहडोल का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री टी. धार्माराव, कमिश्नर, शहडोल संभाग, शहडोल के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री प्रदीप खरे को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री प्रदीप खरे अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-826-आयएएस-लीव-5-एक.—श्रीमती जी. व्ही. रश्मि, आयएएस., कलेक्टर जिला डिण्डौरी को दिनांक 23 से 27 अगस्त 2011 तक पांच दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. उक्त अवकाश के साथ दिनांक 20, 21, 22 एवं 28 अगस्त 2011 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) श्रीमती जी. व्ही. रश्मि की अवकाश अवधि में श्री पी. आर. कतरौलिया, अपर कलेक्टर, जिला डिण्डौरी को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ, अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, कलेक्टर, जिला डिण्डौरी का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्रीमती जी. व्ही. रश्मि को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न कलेक्टर, जिला डिण्डौरी के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्रीमती जी. व्ही. रश्मि द्वारा कलेक्टर, जिला डिण्डौरी का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री पी. आर. कतरौलिया, कलेक्टर, जिला डिण्डौरी के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्रीमती जी. व्ही. रश्मि को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्रीमती जी. व्ही. रश्मि अवकाश पर नहीं जातीं तो अपने पद पर कार्य करती रहतीं.

भोपाल, दिनांक 23 अगस्त 2011

क्र. ई-5-328-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री आर. परशुराम, आयएएस., विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी-सह-कृषि उत्पादन आयुक्त तथा पदेन अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास सहकारिता, पशुपालन मछलीपालन तथा उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण, पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा सामाजिक न्याय विभाग को दिनांक 12 से 16 सितम्बर 2011 तक पांच दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा उक्त अवकाश के साथ दिनांक 10, 11 एवं 17, 18 सितम्बर 2011 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री आर. परशुराम को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी-सह-कृषि उत्पादन आयुक्त तथा पदेन अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन किसान कल्याण तथा कृषि विकास, सहकारिता, पशुपालन, मछलीपालन तथा उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण, पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा सामाजिक न्याय विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री आर. परशुराम को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री आर. परशुराम अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-409-आयएएस-लीव-एक-पांच.—(1) श्री एस. आर. मोहन्ती, आयएएस., विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, मध्यप्रदेश मंत्रालय, भोपाल को दिनांक 18 से 25 अगस्त 2011 तक आठ दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री एस. आर. मोहन्ती को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, मध्यप्रदेश मंत्रालय, भोपाल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री एस. आर. मोहन्ती को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री एस. आर. मोहन्ती अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-425-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री मनोज गोयल, आयएएस, प्रशासकीय सदस्य, राजस्व मण्डल, मध्यप्रदेश ग्वालियर को दिनांक 27 मई से 30 जून 2011 तक, 35 दिन का लघुकृत अवकाश कार्योत्तर स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाशकाल में श्री मनोज गोयल को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(3) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री मनोज गोयल अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 24 अगस्त 2011

क्र. ई-5-326-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री डी. सिंघई आयएएस., अध्यक्ष, राजस्व मण्डल, मध्यप्रदेश, ग्वालियर को दिनांक 26 से 30 अगस्त 2011 तक पांच दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा उक्त अवकाश के साथ दिनांक 31 अगस्त 2011 का सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति भी दी जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री डी. सिंघई को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न अध्यक्ष, राजस्व मण्डल मध्यप्रदेश ग्वालियर के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री डी. सिंघई को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री डी. सिंघई अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-694-आयएएस-लीव-5-एक.—श्री रघुवीर श्रीवास्तव, आयएएस., आयुक्त-सह-संचालक, पिछड़ा वर्ग कल्याण, भोपाल को इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 22 जुलाई 2011 द्वारा दिनांक 23 अगस्त से 5 सितम्बर 2011 तक चौदह दिन का अर्जित अवकाश तथा इस अवकाश के साथ दिनांक 20, 21 एवं 22 अगस्त 2011 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति सहित स्वीकृत किया गया है.

(2) श्री रघुवीर श्रीवास्तव की अवकाश अवधि में श्री ओमेश मूंदड़ा, आयएएस, सचिव, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग तथा मध्यप्रदेश राज्य अल्पसंख्यक आयोग, भोपाल को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ, अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, आयुक्त-सह-संचालक, पिछड़ा वर्ग कल्याण भोपाल का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) श्री रघुवीर श्रीवास्तव द्वारा आयुक्त-सह-संचालक, पिछड़ा वर्ग कल्याण, भोपाल का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री ओमेश मूंदड़ा, आयुक्त-सह-संचालक, पिछड़ा वर्ग कल्याण, भोपाल के प्रभार से मुक्त होंगे.

(4) इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 22 जुलाई 2011 शेष कंडिकाएं यथावत रहेंगी.

भोपाल, दिनांक 25 अगस्त 2011

क्र. ई-5-353-आयएएस-लीव-एक-5.—(1) श्री स्वदीप सिंह, आयएएस., प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वन विभाग को दिनांक 24 से 27 अगस्त 2011 तक चार दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) श्री स्वदीप सिंह की अवकाश अवधि में श्री अशोक दास, आयएएस., अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, गृह विभाग को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ, अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक, प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वन विभाग का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री स्वदीप सिंह को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वन विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री स्वदीप सिंह द्वारा प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वन विभाग का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री अशोक दास, प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वन विभाग के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री स्वदीप सिंह को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री स्वदीप सिंह अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 26 अगस्त, 2011

क्र. ई-5-757-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) विमानन विभाग के आदेश क्रमांक एफ-2-3-2009-पैंतालीस, दिनांक 11 अगस्त, 2011 के अनुक्रम में श्री अरुण कोचर, आयएएस., आयुक्त आदिवासी विकास तथा संचालक, विमानन को दिनांक 3 से 4 सितम्बर 2011 तक दो दिन का एक्स इंडिया अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री अरुण कोचर को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न आयुक्त, अदिवासी विकास तथा संचालक, विमानन के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री अरुण कोचर को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री अरुण कोचर अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अवनि वैश्य, मुख्य सचिव.

भोपाल, दिनांक 18 अगस्त 2011

क्र. ई-5-406-आयएएस-लीव-5-एक.—श्री डी. के. सामन्तरे, आयएएस., प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग को दिनांक 18 मई 2011 का एक दिन का कार्योत्तर अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाशकाल में श्री डी. के. सामन्तरे को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

भोपाल, दिनांक 24 अगस्त 2011

क्र. ई-5-375-आयएएस-लीव-एक-5.—श्री जी. पी. सिंघल, आयएएस., प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग को इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 29 जुलाई 2011 द्वारा दिनांक 6 से 16 अगस्त 2011 तक ग्यारह दिन के स्वीकृत अर्जित अवकाश के अनुक्रम में दिनांक 17 अगस्त 2011 का एक दिन का अर्जित अवकाश कार्योत्तर स्वीकृत किया जाता है.

(2) इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 29 जुलाई 2011 शेष कंडिकाएं यथावत रहेंगी.

क्र. ई-5-762-आयएएस-लीव-5-एक.—श्री डी. पी. अहिरवार, आयएएस., सचिव, मध्यप्रदेश शासन, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति कल्याण विभाग को दिनांक 29 जुलाई से 6 अगस्त 2011 तक नौ दिन का अर्जित अवकाश कार्योत्तर स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री डी. पी. अहिरवार को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न सचिव, मध्यप्रदेश शासन, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति कल्याण विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री डी. पी. अहिरवार को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री डी.पी. अहिरवार अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 25 अगस्त, 2011

क्र. डी-2-71-2002-6-एक.—श्री रमेश थेटे, भाप्रसे (म. प्र. 93) तत्का. संचालक, रोजगार एवं प्रशिक्षण, जबलपुर मध्यप्रदेश को लोकायुक्त संगठन की विशेष पुलिस स्थापना द्वारा अपराध क्र. 46/2002 में, भारत सरकार की अभियोजन स्वीकृति उपरांत माननीय विशेष न्यायालय, भोपाल में दिनांक 18 फरवरी 2005 को चालान प्रस्तुत किये जाने पर श्री थेटे को दिनांक 23 फरवरी 2005 को अखिल भारतीय सेवायें (अनुशासन तथा अपील) नियम, 1969 के नियम 3(3) के अन्तर्गत निलंबित किया गया. उक्त प्रकरण क्र. 06/2005 में दिनांक 12 अप्रैल 2007 को पारित आदेश में श्री थेटे को दोषसिद्ध पाये जाने से ऊपर उल्लेखित नियमों के नियम 14(1) के अन्तर्गत भेजे गये राज्य सरकार के प्रस्ताव दिनांक 25 जुलाई 2007 के क्रम में भारत सरकार द्वारा संघ लोक सेवा आयोग के परामर्श उपरांत श्री थेटे को आदेश दिनांक 29 जनवरी 2008 से सेवा से बर्खास्त किया गया. बर्खास्ती के समय श्री थेटे वरिष्ठ वेतनमान में थे और निलंबनाधीन थे. श्री थेटे द्वारा मा. उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश जबलपुर में दायर की गई क्रिमिनल अपील क्र. 865/07 में पारित निर्णय दिनांक 21 दिसम्बर 2009 से अधीनस्थ न्यायालय द्वारा दिये गये दोषसिद्धि एवं दण्ड संबंधी निर्णय को अपास्त करते हुए श्री थेटे को दोषमुक्त करने और उक्त निर्णय के विरुद्ध मध्यप्रदेश शासन, विधि एवं विधायी कार्य विभाग द्वारा मा. उच्चतम न्यायालय में दायर एस.एल.पी. दिनांक 29 मार्च 2010 को अपास्त किये जाने के परिप्रेक्ष्य में भारत सरकार द्वारा श्री थेटे, भाप्रसे (म. प्र. 93) की सेवा से की गई बर्खास्तगी संबंधी आदेश दिनांक 29 जनवरी 2008 को तत्काल प्रभाव से वापस लिये जाने के आदेश दिनांक 2 मई 2011 द्वारा पारित किये गये.

(2) श्री थेटे की प्रथम निलंबन अवधि दिनांक 20 फरवरी 2002 से 25 जुलाई 2003 तथा द्वितीय निलंबन अवधि दिनांक 23 फरवरी 2005 से 29 जनवरी 2008 को सभी प्रयोजनों के लिये सेवा अवधि मान्य किये जाने के तथा तत्समय वे जिस वेतनमान में कार्यरत थे, उसी वेतनमान अनुसार संपूर्ण वेतन भत्तों का भुगतान जीवन निर्वाह भत्ते की राशि के समायोजन उपरांत किये जाने के आदेश दिनांक 17 जून 2011 द्वारा जारी किये गये हैं.

(3) श्री थेटे की बर्खास्तगी अवधि दिनांक 29 जनवरी 2008 से 2 मई 2011 के संबंध में भारत सरकार से यह मार्गदर्शन प्राप्त हुआ है कि बर्खास्तगी के आधार उपरोक्त कंडिका-1 में अंकित अनुसार अब अस्तित्व में नहीं रहे हैं और भारत सरकार में बर्खास्तगी आदेश को वापस ले लिया है. अत: दिनांक 29 जनवरी 2008 से 2 मई 2011 तक की अवधि को श्री थेटे द्वारा सभी प्रयोजनों के लिए कर्तव्य अवधि माना जा सकता है और उनकी उक्त अवधि के वेतन/भत्तों का नियमन तद्नुसार किया जा सकता है. इस मार्गदर्शन के परिप्रेक्ष्य में राज्य शासन ने निर्णय लिया है कि श्री थेटे की उक्त बर्खास्तगी अवधि को सभी प्रयोजनों के लिये कर्तव्य अवधि मानी जाये.

(4) अत: राज्य शासन एतद्द्वारा श्री थेटे की उक्त बर्खास्तगी अवधि दिनांक 29 जनवरी 2008 से 2 मई 2011 को अ.भा.से. (अनुशासन तथा अपील) नियम, 1969 के नियम 5(2) (i) के अन्तर्गत सभी प्रयोजनों के लिये कर्तव्य अवधि मान्य की जाती है.

भोपाल, दिनांक 26 अगस्त 2011

क्र. ई-5-607-आयएएस-लीव-एक-5.—श्री के. सी. गुप्ता, आयएएस., आयुक्त-सह-संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, भोपाल को दिनांक 18 से 30 जुलाई 2011 तक तेरह दिन का अर्जित अवकाश कार्योत्तर स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाशकाल में श्री के. सी. गुप्ता को अवकाश वेतन एवं भत्ते उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(3) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री के. सी. गुप्ता अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
व्ही. एस. तोमर, अवर सचिव "कार्मिक"

भोपाल, दिनांक 12 अगस्त 2011

क्र. ई-1-271-2011-5-एक.—नीचे तालिका के खाना (2) में दर्शाए भाप्रसे अधिकारियों को उनके नाम के समक्ष खाना (3) में दर्शाए गए पद पर, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न रूप से पदस्थ किया जाता है:—

क्र.	अधिकारी का नाम तथा वर्तमान पदस्थापना	नवीन पदस्थापना	खाना-3 में अंकित पद असंवर्गीय होने की दशा में संवर्गीय पद जिसके समकक्ष घोषित किया गया
(1)	(2)	(3)	(4)
1	श्री रमेश एस. थेटे (1993), उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन, पुनर्वास विभाग तथा पदेन उप पुनर्वास आयुक्त.	संचालक, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, इंदौर.	उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन.
2	श्रीमती सूरज डामोर (1994), आयुक्त-सह-संचालक (फील्ड) नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, इन्दौर तथा सचिव, मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इन्दौर का अतिरिक्त प्रभार.	सचिव, मध्यप्रदेश शासन, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग.	-
3	श्री राजेन्द्र सिंह उपसचिव, लोकायुक्त संगठन, भोपाल.	उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग.	-

(1)	(2)	(3)	(4)
4	श्री राजेश बहुगुणा, विशेष सहायक, पूर्व मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश (मा. श्री दिग्विजय सिंह)	संचालक, जल एवं भूमि प्रबंधन संस्थान (वाल्मी) तथा प्रबंध संचालक, लघु सिंचाई एवं कृषि का अतिरिक्त प्रभार.	उप सचिव मध्यप्रदेश शासन
5	श्री महेश चन्द्र चौधरी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत इन्दौर.	आयुक्त, नगर निगम, उज्जैन.	उप सचिव मध्यप्रदेश शासन
6	श्री सुरेन्द्र कुमार उपाध्याय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, भोपाल.	उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन, गृह विभाग.	–
7	श्री रविकांत जैन अपर कलेक्टर, ग्वालियर	अपर आयुक्त, आबकारी, ग्वालियर.	–

(2) श्रीमती शिखा दुबे, भाप्रसे (1987), प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग परिषद् को अपने कर्तव्यों के साथ-साथ आगामी आदेश तक, आयुक्त-सह-संचालक, हाथकरघा तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम का प्रभार अतिरिक्त रूप से सौंपा जाता है.

(3) उपरोक्तानुसार श्रीमती शिखा दुबे द्वारा आयुक्त-सह-संचालक, हाथकरघा तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम का कार्यभार ग्रहण करने पर श्रीमती दीपाली रस्तोगी, भाप्रसे (1994), प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम एवं आयुक्त-सह-संचालक, हाथकरघा तथा आयुक्त-सह-संचालक, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण केवल आयुक्त-सह-संचालक, हाथकरघा तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम के प्रभार से मुक्त होंगी. श्रीमती रस्तोगी की मूल पदस्थापना आयुक्त-सह-संचालक, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण के पद पर मानी जाएगी.

भोपाल, दिनांक 18 अगस्त 2011

क्र. ई-1-279-2011-5-एक.—नीचे तालिका के खाना (2) में दर्शाए भाप्रसे अधिकारियों को उनके नाम के समक्ष खाना (3) में दर्शाए गए पद पर, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न रूप से पदस्थ किया जाता है:—

क्र.	अधिकारी का नाम तथा वर्तमान पदस्थापना	नवीन पदस्थापना	खाना-3 में अंकित पद असंवर्गीय होने की दशा में संवर्गीय पद जिसके समकक्ष घोषित किया गया
(1)	(2)	(3)	(4)
1	श्री अजय तिर्की (1987), सचिव, मध्यप्रदेश शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा पदेन अपर विकास आयुक्त.	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, भोपाल.	सचिव, मध्यप्रदेश शासन.
2	श्रीमती वीरा राणा (1988), प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश वित्त निगम, इन्दौर.	सचिव, मध्यप्रदेश शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा पदेन अपर विकास आयुक्त.	–

(1)	(2)	(3)	(4)
3	श्री संजय दुबे (1993), मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण तथा पदेन सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग.	प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश वित्त निगम, इन्दौर तथा प्रबंध संचालक, औद्योगिक केन्द्र विकास निगम, इन्दौर का अतिरिक्त प्रभार.	संभागीय कमिश्नर

(2) उपरोक्तानुसार श्री संजय दुबे द्वारा प्रबंध संचालक, औद्योगिक केन्द्र विकास निगम, इन्दौर का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह, भाप्रसे (1997), कलेक्टर, इन्दौर एवं प्रबंध संचालक, औद्योगिक केन्द्र विकास निगम, इन्दौर **केवल** प्रबंध संचालक, औद्योगिक केन्द्र विकास निगम, इन्दौर के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगे.

भोपाल, दिनांक 25 अगस्त 2011

क्र. बी-1-72-2011-2-एक.—राज्य शासन द्वारा भारतीय प्रशासनिक/ सेवा/राज्य प्रशासनिक सेवा के निम्नलिखित अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से स्थानांतरित करते हुए, अस्थायी रूप से, आगामी आदेश पर्यन्त, कॉलम (3) से कॉलम (4) में दर्शाए गए स्थान पर पदस्थ किया जाता है:—

क्र. (1)	अधिकारी का नाम/बैच (2)	वर्तमान पदस्थापना (3)	नवीन पदस्थापना (4)	रिमार्क (5)
1	सुश्री आइरिन सिंथिया जे.पी., भाप्रसे (2008)	अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), शुजालपुर, जिला शाजापुर.	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, भोपाल. (कनिष्ठ वेतनमान).	प्रशासकीय आधार पर.
2	सुश्री छवि भारद्वाज, भाप्रसे (2008)	अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), कटनी, जिला कटनी.	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, दमोह. (कनिष्ठ वेतनमान).	प्रशासकीय आधार पर.
3	श्री वी. किरण गोपाल, भाप्रसे (2008)	अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), पिपरिया, जिला होशंगाबाद.	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, बालाघाट. (कनिष्ठ वेतनमान).	प्रशासकीय आधार पर.
4	श्री भरत यादव, भाप्रसे (2008)	अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), मुलताई, जिला बैतूल.	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, नरसिंहपुर. (कनिष्ठ वेतनमान)	प्रशासकीय आधार पर.
5	श्री सतेन्द्र सिंह, राप्रसे (1993)	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, दमोह.	अपर कलेक्टर, ग्वालियर	प्रशासकीय आधार पर.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अवनि वैश्य, मुख्य सचिव.

खनिज साधन विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 18 अगस्त 2011

क्र. एफ-2-6-2010-बारह-1.—खनि रियायत नियम, 1960 के नियम 59 के उपनियम (1) के खण्ड (क) के उपखण्ड (दो) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, यह घोषणा करती है कि 650 वर्ग किलोमीटर का वह क्षेत्र, जो कि मेसर्स रियो टिंटो एक्सप्लोरेशन इंडिया प्रायवेट लिमिटेड द्वारा सागर तथा छतरपुर जिलों में पूर्व में धारित था, सर्वेक्षण अनुज्ञा-पत्र के अधीन हीरा तथा बहुमूल्य खनिज, सोना, तांबा, लेड, जिंक, चांदी, बिस्मथ एवं केडमियम खनिजों की सर्वेक्षण संक्रियाओं की स्वीकृति हेतु उपलब्ध रहेगा. सर्वेक्षण अनुज्ञा-पत्र के अधीन उक्त क्षेत्र का उक्त नियमों के नियम 7(1)(एक)(ख) के अनुसार त्याग कर दिया गया है. क्षेत्र के ब्यौरे निम्नानुसार है:—

बिन्दु	अक्षांश	देशान्तर
ए	24° 11' 59''	78° 44' 26''
बी	24° 12' 35''	78° 46' 41''
सी	24° 15' 57''	78° 54' 41''
डी	24° 17' 26''	78° 59' 19''
ई	24° 03' 56''	79° 14' 34''
एफ	24° 01' 33''	78° 59' 59''
जी	24° 05' 49''	78° 59' 34''
एच	24° 08' 39''	79° 01' 15''
आई	24° 10' 05''	79° 06' 32''
जे	24° 12' 15''	79° 04' 02''
के	24° 08' 59''	78° 54' 55''
एल	24° 03' 11''	78° 54' 33''
एम	24° 01' 59''	78° 50' 05''
एन	24° 04' 01''	78° 47' 48''
ओ	24° 07' 53''	78° 49' 59''
पी	24° 09' 06''	78° 45' 37''

उक्त क्षेत्र, मध्यप्रदेश राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 दिन के पश्चात् 90 दिन तक पुनःस्वीकृति हेतु उपलब्ध रहेगा. उपर्युक्त क्षेत्र का रेखांक, इस अधिसूचना के प्रकाशन के पश्चात् किसी भी कार्य दिवस को, संचालनालय, भौमिकी तथा खनिकर्म, खनिज भवन, 29-ए अरेरा हिल्स, भोपाल, मध्यप्रदेश में देखा जा सकता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ए. के. तोमर, उपसचिव.

भोपाल, दिनांक 18 अगस्त 2011

क्र. R 611-5-बारह-1.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में इस विभाग की अधिसूचना समक्रमांक दिनांक 18 अगस्त 2011 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ए. के. तोमर, उपसचिव.

Bhopal the 18th August 2011

No. F-2-6-2010-XII-1.—In exercise of the powers conferred by sub-clause (n) or clause (a) of sub-rule (1) of rule 59 of the Mineral Concession Rules, 1960 the State Government, hereby, declares that an area of 650 Km^2 shall be available for grant, which was previously held by M/s Rio Tinto Exploration India Private Limited in Sagar and Chattarpur Districts, for the reconnaissance operations of Diamond and precious minerals, Gold, Copper, Lead, Zinc, Silver, Bismuth and Cadmium minerals, under reconnaissance permit the said area of reconnaissance permit is relinquished in accordance with rule 7(1) (i) (b) of the said rules. Details of the area are as below:—

Pts	Latitude	Longitude
A	24° 11' 59"	78° 44' 26"
B	24° 12' 35"	78° 46' 41"
C	24° 15' 57"	78° 54' 41"
D	24° 17' 26"	78° 59' 19"
E	24° 03' 56"	79° 14' 34"
F	24° 01' 33"	78° 59' 59"
G	24° 05' 49"	78° 59' 34"
H	24° 08' 39"	79° 01' 15"
I	24° 10' 05"	79° 06' 32"
J	24° 12' 15"	79° 04' 02"
K	24° 08' 59"	78° 54' 55"
L	24° 03' 11"	78° 54' 33"
M	24° 01' 59"	78° 50' 05"
N	24° 04' 01"	78° 47' 48"
O	24° 07' 53"	78° 49' 59"
P	24° 09' 06"	78° 45' 37"

The said area shall be available for re-grant after 30 days from the date of publication of this Notification in the Madhya Pradesh Gazette, till 90 days. The Plan of the aforesaid area can be seen in the Directorate of Geology and Mining, Khanij Bhawan, 29-A, Arera Hills, Bhopal, Madhya Pradesh, on any working day after publication of this notification.

By order and in the name of the Governor of
Madhya Pradesh,
A. K. TOMAR, Dy. Secy.

आवास एवं पर्यावरण विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 19 अगस्त 2011

क्र. एफ-3-10-2010-बत्तीस-1.—मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 40 सहपठित मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेस नियम, 1975 के नियम 17 के अध्यधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राज्य शासन, एतद्द्वारा, निम्नलिखित व्यक्तियों को आगामी आदेश तक, रतलाम विकास प्राधिकरण, रतलाम में उनके नाम के सम्मुख उल्लेखित पद पर नियुक्त किया जाता है:—

1.	श्री विष्णु त्रिपाठी	अध्यक्ष
2.	श्री ईश्वरलाल पाटीदार	उपाध्यक्ष
3.	श्रीमती आशारानी मौर्य	उपाध्यक्ष

(2) श्री विष्णु त्रिपाठी द्वारा रतलाम विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष पद का कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से कलेक्टर, रतलाम प्राधिकरण के अध्यक्ष पद से स्वत: ही कार्यमुक्त हो जायेंगे.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आशीष सक्सेना, उपसचिव.

संस्कृति विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 8 अगस्त 2011

क्र. एफ-11-2-2011-तीस.—राज्य शासन की यह राय है कि नीचे दी गई अनुसूची में विनिर्दिष्ट किये गये प्राचीन स्मारक पुरातत्वीय स्थल तथा अवशेष को विनष्ट किये जाने, क्षतिग्रस्त किये जाने, परिवर्तित किये जाने, विरूपित किये जाने, हटाये जाने, तितर-बितर किये जाने या उनका अपक्षय होने से संरक्षित करना आवश्यक है.

(2) अतएव, मध्यप्रदेश एन्शीयेन्ट मान्युमेन्ट्स एण्ड आर्क्योलाजीकल साईट्स एण्ड रिमेन्स एक्ट, 1964 (क्रमांक 12 सन् 1964) की धारा 3 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, एतद्द्वारा, उक्त प्राचीन स्मारक को राज्य संरक्षित स्मारक के रूप में घोषित करने के अपने आशय की सूचना देता है.

(3) किसी भी ऐसी आपत्ति पर, जो इस संबंध में उक्त प्राचीन स्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष में हित रखने वाले किसी व्यक्ति से इस सूचना के "मध्यप्रदेश राजपत्र" में प्रकाशित होने के दिनांक से एक माह की कालावधि समाप्त होने के पूर्व प्राप्त हो, राज्य शासन द्वारा विचार किया जाएगा:—

अनुसूची

राज्य	जिला	तहसील	स्थल	स्मारक का नाम	राजस्व खण्ड क्रमांक जिसे संरक्षण में सम्मिलित करना है	क्षेत्रफल	स्वामित्व	धार्मिक पूजा के अधीन है अथवा नहीं
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
मध्यप्रदेश	मन्दसौर	भानपुरा	भानपुरा	श्रीमंत यशवंत राव होलकर प्रथम (1799-1811 ई.) की छत्री एवं बाहर परिसर में स्थित पुरानी छत्रियां एवं भवन.	571	0.454	देवी श्रीमती अहिल्या बाई होलकर चैरेटिज (खासगी) ट्रस्ट इन्दौर, मध्यप्रदेश.	नहीं

भोपाल, दिनांक 19 अगस्त 2011

क्र. एफ-11-1-2008-तीस.—''मध्यप्रदेश प्राचीन स्मारक पुरातत्वीय स्थल तथा अवशेष अधिनियम, 1964'' की धारा 3 की उपधारा (1) के अधीन राज्य शासन की अधिसूचना क्रमांक एफ-11-1-2008-तीस, दिनांक 17 जुलाई 2008 द्वारा निम्नलिखित अनुसूची में विनिर्दिष्ट प्राचीन स्मारकों को राज्य संरक्षित स्मारक घोषित करने के आशय की सूचना जारी की गयी थी जिसका प्रकाशन ''मध्यप्रदेश राजपत्र'' में, दिनांक 1 अगस्त 2008 को किया गया था.

राज्य शासन के उपर्युक्त आशय के विरुद्ध प्राप्त स्थानीय आपत्तियों का निराकरण जिला कलेक्टर, विदिशा द्वारा किया जा चुका है तथा कलेक्टर, विदिशा ने अपने पत्र क्रमांक क्यू-प्रवाचक-2011-6879, दिनांक 16 मई 2011 द्वारा निम्नलिखित अनुसूची में विनिर्दिष्ट स्मारकों को राज्य संरक्षित स्मारक घोषित करने की अनुशंसा की है.

अतः राज्य शासन ''मध्यप्रदेश प्राचीन स्मारक एवं पुरातत्वीय स्थल तथा अवशेष अधिनियम, 1964'' (क्रमांक 12 सन् 1964) की धारा 3 की उपधारा (1) एवं धारा 16 में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, एतद्द्वारा, उक्त प्राचीन स्मारकों को राज्य संरक्षित स्मारक के रूप में घोषित करता है.

राज्य शासन, मध्यप्रदेश प्राचीन स्मारक एवं पुरातत्वीय स्थल तथा अवशेष नियम, 1976के नियम 29 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, एतद्द्वारा उक्त संरक्षित प्राचीन स्मारकों के समीप और पार्श्व क्षेत्र में संरक्षित सीमा से 100 मीटर तक और उससे परे 200 मीटर तक के क्षेत्र को खनन और निर्माण दोनों प्रयोजनों के लिये प्रतिबंधित और विनियमित क्षेत्र घोषित करता है:—

अनुसूची

राज्य	जिला	तहसील	स्थानीय क्षेत्र	स्मारक का नाम	राजस्व स्तरीय क्षेत्र जो संरक्षण में सम्मिलित होना है	क्षेत्र सीमांक	स्वामित्व	धार्मिक पूजा के अधीन है अथवा नहीं
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
मध्यप्रदेश	विदिशा	सिरोंज	मौलाजी का पहाड़ कस्बा सिरोंज	मौलाजी की इमारत	पटवारी हल्का नं. 4, खसरा नं. 142	0.228	शासकीय	हां.
मध्यप्रदेश	विदिशा	सिरोंज	रावजी की हवेली कस्बा सिरोंज	रावजी की हवेली	पटवारी हल्का नं. 4, खसरा नं. 25 व 27	नजूल शीट क्र. 13बी के भू-खण्ड क्र. 25 रकबा 4065 वर्गमीटर, शिक्षा वि. उद्यान एवं रावजी की हवेली, शिक्षा भवन मय उद्यान 4115 वर्गमीटर.	शासकीय	नहीं
मध्यप्रदेश	विदिशा	सिरोंज	गोपाल नगर	विष्णु मंदिर	पटवारी हल्का नं. 24, खसरा नं. 20	0.038	शासकीय	हां.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,

लक्ष्मीकान्त द्विवेदी, उपसचिव.

खनिज साधन विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 23 अगस्त 2011

क्र. एफ-2-30-07-बारह-2.—खान एवं खनिज (विकास तथा विनियमन) अधिनियम, 1957 (1957 का 67) की धारा 11 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, लौह अयस्क और मैगनीज अयस्क की पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति प्रदान करने हेतु, इन खनिजों पर आधारित प्रदेश में मूल्य परिवर्धन इकाई स्थापित करने के लिए निम्नलिखित क्षेत्र में आवेदन आमंत्रित करती है, अर्थात्:—

जिला	तहसील	ग्राम	खसरा क्रमांक	रकबा
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
जबलपुर	मझौली	ताला	108 भाग	13.26 हेक्टेयर

टिप्पणी.—1. पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति के आवेदन, इस अधिसूचना की तारीख से 30 दिन पश्चात् खनिज शाखा, कार्यालय कलक्टर, जिला जबलपुर द्वारा एक माह के भीतर प्राप्त किए जाएंगे.

2. क्षेत्र की संबंधित जानकारी खनिज शाखा, कार्यालय कलक्टर, जिला जबलपुर से अभिप्राप्त की जा सकेगी.

3. समुचित आवेदक का चयन मध्यप्रदेश खनिज नीति, 2010 में अधिकथित पैरामीटर के अनुसार किया जाएगा.

No. F-2-30-07-XII-2.—In exercise of the powers conferred by sub-section (2) of Section 11 of the Mines and Minerals (Redevelopment and Regulation) Act, 1957, the State Government, hereby, invites application for grant of prospecting license of iron ore and manganese ore in following area for installing value addition unit in the state based on these minerals:—

District	Tehsil	Village	Khasra No.	Area
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
Jabalpur	Majhouli	Tala	108 part	13.26 Hactare

Note:— 1. Application of prospecting license shall be received, after 30 days from the date of this notification, by Mining Section, Office of Collector, District, Jabalpur within one month.

2. Related information of the area may be obtained from Mining Section, Office of Collector, District Jabalpur.

3. Selection of appropriate applicant shall be made in accordance with the parameter laid in Mineral Policy, 2010 of Madhya Pradesh.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अरूण कुमार तोमर, उपसचिव.

आवास एवं पर्यावरण विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 27 अगस्त 2011

क्र. एफ-3-48-2011-बत्तीस.—राज्य शासन मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (संशोधन 1996) की धारा-17 क(1) के अन्तर्गत गरोठ विकास योजना हेतु आदेश क्रमांक-968, दिनांक 23 अक्टूबर 2002 (2816/जि.योसा./28-बी/बैठक/2002/दिनांक 16 अक्टूबर 2002) द्वारा गरोठ विकास योजना हेतु पूर्व में समिति का गठन किया गया था. उक्त समिति का निम्नानुसार पुनर्गठन किया जाता है. यह समिति अधिनियम की धारा-17-क(2) के अनुसार कार्य करेगी:—

अधिनियम की धारा 17क(1) की उपधारा	पद/व्यक्ति का नाम	संस्था का नाम	पद
(1)	(2)	(3)	(4)
(क)	अध्यक्ष	नगर पंचायत, गरोठ	सदस्य
(ख)	अध्यक्ष	जिला पंचायत, मंदसौर	सदस्य
(ग)	सांसद	लोक सभा क्षेत्र, मंदसौर	सदस्य
(घ)	विधायक	विधानसभा क्षेत्र, गरोठ	सदस्य
(ङ)	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
(च)	अध्यक्ष	जनपद पंचायत गरोठ	सदस्य
(छ)	1. सरपंच	ग्राम पंचायत बरखेड़ी लोया	सदस्य
	2. सरपंच	ग्राम पंचायत, पावटी	सदस्य
	3. सरपंच	ग्राम पंचायत, फूलखेड़ा	सदस्य
(ज)	1. प्रतिनिधि	कलेक्टर, जिला मंदसौर	सदस्य
	2. मुख्य नगरपालिका अधिकारी	नगर पंचायत गरोठ	सदस्य
	3. अनुविभागीय अधिकारी	लोक निर्माण विभाग, गरोठ	सदस्य
	4. प्रतिनिधि	इंस्टीट्यूट ऑफ टाउन प्लानर्स इंडिया	सदस्य
	5. प्रतिनिधि	काउंसिल ऑफ आर्कीटेक्चर ऑफ इंडिया	सदस्य
	6. प्रतिनिधि	इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स ऑफ इंडिया	सदस्य
	7. अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)	राजस्व अनुभाग, गरोठ	सदस्य
(झ)	समिति का संयोजक	उप संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, नीमच	समिति संयोजक.

क्र. एफ-3-93-2011-बत्तीस.—राज्य शासन मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (संशोधन 1996) की धारा-17 क(1) के अन्तर्गत दमोह विकास योजना 2021 हेतु निम्नानुसार समिति का गठन करता है. यह समिति अधिनियम की धारा-17-क(2) के अनुसार कार्य करेगी:—

अधिनियम की धारा 17क(1) की उपधारा	पद/व्यक्ति का नाम	संस्था का नाम	पद
(1)	(2)	(3)	(4)
(क)	अध्यक्ष	नगर पालिका परिषद, दमोह	सदस्य
(ख)	अध्यक्ष	जिला पंचायत, दमोह	सदस्य
(ग)	सांसद	लोक सभा क्षेत्र, दमोह-पन्ना	सदस्य
(घ)	विधायक	विधानसभा क्षेत्र, दमोह	सदस्य

(1)	(2)	(3)	(4)
(ङ)	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
(च)	अध्यक्ष	जनपद पंचायत, दमोह	सदस्य
(छ)	1. सरपंच	ग्राम पंचायत, समन्ना	सदस्य
	2. सरपंच	ग्राम पंचायत, इमलाई	सदस्य
	3. सरपंच	ग्राम पंचायत, कुंवरपुर	सदस्य
	4. सरपंच	ग्राम पंचायत, सिंगपुर	सदस्य
	5. सरपंच	ग्राम पंचायत, चौपराखुर्द	सदस्य
	6. सरपंच	ग्राम पंचायत, मरहाहार	सदस्य
	7. सरपंच	ग्राम पंचायत, पिपरिया दिगम्बर	सदस्य
	8. सरपंच	ग्राम पंचायत, हिरदेपुर	सदस्य
	9. सरपंच	ग्राम पंचायत, मारूताल	सदस्य
(ज)	1. प्रतिनिधि	कलेक्टर, जिला दमोह	सदस्य
	2. प्रतिनिधि	इंस्टीट्यूट ऑफ टाउन प्लानर्स इंडिया	सदस्य
	3. प्रतिनिधि	काउंसिल ऑफ आर्कीटेक्चर ऑफ इंडिया	सदस्य
	4. प्रतिनिधि	इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स ऑफ इंडिया	सदस्य
	5. प्रतिनिधि	कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, दमोह	सदस्य
	6. प्रतिनिधि	कार्यपालन यंत्री, लो.स्वा. यां. दमोह	सदस्य
	7. प्रतिनिधि	जिला वन मंडलाधिकारी, दमोह	सदस्य
(झ)	समिति का संयोजक	संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, सागर	समिति संयोजक

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,

वर्षा नावलेकर, उपसचिव.

विभाग प्रमुखों के आदेश

कार्यालय, कुलाधिपति, महर्षि पाणिनी संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन, मध्यप्रदेश

राजभवन, भोपाल, दिनांक 29 अगस्त 2011

क्र. एफ-1-2-रा.स.-यूए.1-2011-1121.— यतः, महर्षि पाणिनी संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन के संबंध में मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग ने महर्षि पाणिनी संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय अधिनियम, 2006 (क्रमांक 15 सन् 2008) की धारा 52(1) के अन्तर्गत अधिसूचना क्रमांक एफ-1-3-2009/38-3, दिनांक 29 अगस्त 2011 जारी की है, जो दिनांक 29 अगस्त 2011 से प्रभावशील की गई है.

2. अतः, मैं, रामेश्वर ठाकुर, कुलाधिपति, महर्षि पाणिनी संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन महर्षि पाणिनी संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय अधिनियम, 2006 की धारा 52 की उपधारा (3) के परन्तुक के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राज्य शासन से परामर्श करने के उपरान्त प्रो. मिथिला प्रसाद त्रिपाठी, सभापति, महर्षि पंतजलि संस्कृत संस्थान मध्यप्रदेश, भोपाल को एतद्द्वारा तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक, उक्त विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में नियुक्त करता हूं.

3. इनकी सेवा शर्तें अधिनियम की धारा 28 की उपधारा (8) के अनुसार शासित होंगी.

रामेश्वर ठाकुर, कुलाधिपति.

GOVERNMENT OF INDIA

MINISTRY OF FINANCE (DEPTT. OF REVENUE)

OFFICE OF THE

ADDL. COMMISSIONER OF INCOME TAX

RANGE-1, AAYAKAR BHAWAN, BHARATPURI, UJJAIN (M.P)

ORDER NO. 1/2011

Dated : 18th July 2011

In exercise of powers conferred by the Central Board of Direct Taxes. New Delhi under sub-section (2) of Section 120 of the Income Tax Act, 1961 (43 of 1961) vide Notification No. 228 of 2001, datded 31-7-2001 [S.O. No. 732 (E) and File No. 187-5-2001-ITA] and amendment to it made vide Notification No. 335 of 2001 [S.O. No. 1064(E), datded 29-10-2001], and all other powers in this behalf and in pursuance of CIT, Ujjain's Order No. 6, dated 5-11-2001 and also in compliance to the **INSTRUCTION NO. 1/2011 [F. NO. 187/12/2010-IT (A-I)], DATED 31-1-2011 issued by the CBDT which lays down revised monetary limit of cases to be assessed by DCsIT/ ACsIT and the ITOs in metro cities and mofussil areas w.e.f. 1-4-2011 and the Notification No. CCIT/Ind/ Tech/Jurisdiction/2011-12, dated 20-6-2011 issued by Hon'ble CCIT Indore further adjusting the monetary limit of the cases to be assessed by DCsIT/ACsIT and the ITOs in view of the INSTRUCTION NO. 6/2011 [F. NO. 187/12/2010-ITA-I], DATED 8-4-2011,** I the Additional Commissioner of Income Tax, Range-1, Ujjain hereby direct that all of my subordinate Assessing Officers [Dy./Asstt CsIT, ITOs] shall exercise the powers and perform the functions of Assessing Officer in respect of such territories and/or such persons or classes of persons and/or such income or classes of income and/or such cases or classes of cases in respect of which the Addl./Joint Commissioner of Income Tax, Range-1, Ujjain has been vested with jurisdiction by the Commissioner of Income Tax, Ujjain. Accordingly these assessing officers shall have concurrent jurisdiction amongst themselves as well as with the Additional/Joint Commissioner of Indome Tax, Range-1, Ujjain.

2. However without any restriction to the generality of concurrent jurisdiction, with a view to allocate the work amongst all these assessing officers for proper functioning. I, the Additional Commissioner of Income Tax, Range-1, Ujjain hereby direct that these assessing officers as specified in Col. No. 2 of Schedule here to annexed, having their headquarters at places specified in corresponding entries in Col. No. 3 of the said Schedule, shall exercise the powers and perform the function of an assessing officers and/or any other functions as specified therein, in respect of territories mentioned in Col. No. 4 and/or persons or classes of persons and/or such income or classes of income and/or cases or classes of cases mentioned in Col. No. 5 of Schedule annexed hereto.

3. This order is in supercession of all the earlier orders issued in this regard and shall come into force with effect from 1-4-2011.

PRADEEP KUMAR MITRA
Additional Commissioner of Income Tax,
Range-1, Ujjain.

Explanatory Notes

1. The jurisdiction over the cases of partners of the firms and Managing Directors / Directors of the companies will vest with the AO having jurisdiction over corresponding Firms & Companies respectively irrespective of returned income/ loss. In case of an individual is director/partner in more than one company/firm, the jurisdiction of such individual shall vest with the Assessing Officer who is having jurisdiction over the company / firm which is having higher Income.

2. If a person is a director or managing director and also a partner in one or more firms falling within the jurisdiction of different AOs, the AO having jurisdiction over the director or managing director of the company will have jurisdiction over such persons.

3. For the purpose of this Notification "Residing" means:—

a. In the case if an Individual, place of residence unless otherwise provided in this notification.

b. In this case of an HUF, the place of residence of the Karta, and in the case of firm or in other Association of persons or body of individuals or a local authority and all other Artificial judicial persons.

c. In case of companies the place where the registered office or principal place of business of is located.

d. In case of private Ltd. Companies wherever the jurisdiction is alphabet wise it is clarified that for the purposes of jurisdiction over the case, if the name begins with the word "The", the same shall not be taken into account.

4. Reference to the Municipal Wards made in the Schedule should be read as reference to municipal wards of Municipal Corporation, Ratlam, as per Notification No. 372, dated 12/08/1994 issued by the Govt. of Madhya Pradesh in this regard.

5. The jurisdiction of all other direct taxes including that of the Interest Tax shall be as per the territorial area assigned as per column no. 4 of this Schedule:—

PRADEEP KUMAR MITRA
Additional Commissioner of Income Tax,
Range-1, Ujjain.

SCHEDULE

S. No.	Designation of Income Tax Authority	Head Quarter	Territorial Area	Persons and classes of person and/or such income or classes of income and/or cases or classes of cases
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1.	DCIT/ ACIT-1(1) Ujjain.	Ujjain Madhya Pradesh	Municipal Wards from 1 to 36 of Ujjain Municipal area, Mahidpur, Tarana and Ghatia Tehsils of Ujjain District and Dewas District.	(a) All persons being Individuals, HUFs & Firms deriving income from business or profession whose principal place of business or profession is within the territorial area mentioned in Col. 4 and income/ loss returned is above RS.10 Lakhs. (b) All person being Individuals, HUFs & Firms, deriving income under the head House Property, Capital Gains and/or Other Sources etc. Residing within the territorial area mentioned in Col. 4 and in whose cases income/loss returned is above Rs. 10 Lakhs.

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
				(c) All persons being Private Salary earners in Ujjain District and all Government and Private Salary earners of Dewas District, in whose cases income/loss returned is above Rs.10 lakhs. (d) All persons being companies registered under Companies Act, 1956 and having registered office or principal place of business within the territorial area mentioned in column no. 4 in whose cases income/loss returned is above Rs.15 Lakhs. (e) All persons being Trust, Waqfs, Society, Local Authority, AOP, BOI, AJP etc. Falling within the territorial area assigned under column 4. (f) All cases of Estate Duty falling within the territorial area assigned under Col. 4. (g) Any other case/cases assigned in terms of Section 120(5) of the I. T. Act, 1961. (h) Any other case/cases assigned u/s 127 by the CCIT/CIT.
2.	Income Tax Officer-1(1) Ujjain.	Ujjain Madhya Pradesh	Municipal Wards from 1 to 36 of Ujjain Municipal Area.	(a) All persons being Individuals, HUFs & Firms deriving income from business or profession whose principal place of business or profession is within the territorial area mentioned in Col.4 and income/ loss returned is upto Rs.10 Lakhs. (b) All person being Individuals, HUFs & Firms, deriving income under the head House Property, Capital Gains and/or Other Sources etc. Residing within the territorial area mentioned in Col. 4 and in whose cases income/loss returned is upto Rs. 10 Lakhs. (c) All persons being Private Salary earners in Municipal Wards 1 to 36 of Ujjain Municipal Area, in whose cases income/ loss returned is upto Rs.10 lakhs. (d) All persons being companies registered under Companies Act, 1956 and having registered office or principal place of business within the territorial area mentioned in Col. 4 in whose cases income/loss returned is upto Rs. 15 Lakhs. (e) Any other case/cases assigned in terms of Section 120(5) of the I. T. Act, 1961. (f) Any other case/cases assigned u/s 127 by the CCIT/CIT.
3.	Income Tax Officer-1(2) Ujjain.	Ujjain & Dewas Madhya Pradesh	Mahidpur, Tarana and Ghatia Tehsils of Ujjain District and Kannod, Khategaon, Wagli and Sonkauth Tehsil of Dewas District.	(a) All persons being Individuals, HUFs & Firms deriving income from business or profession whose principal place of business or profession is within the territorial area mentioned in Col.4 and income/ loss returned is upto Rs.10 Lakhs.

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
				(b) All persons being Individuals, HUFs & Firms, deriving income under the head House Property, Capital Gains and/or Other Sources etc. Residing within the territorial area mentioned in Col. 4 and in whose cases income/loss returned is upto Rs. 10 Lakhs. (c) All persons being Private Salary earners in Ujjain, Mahidpur, Tarana and Ghatia Tehsils of Ujjain District and all Private Salary Earners in the District of Dewas, in whose cases income/loss returned is upto Rs.10 lakhs. (d) All persons being companies registered under Companies Act, 1956 and having registered office or principal place of business within the territorial area mentioned in Col. 4 in whose cases income/loss returned is upto Rs. 15 Lakhs. (e) Any other case/cases assigned in terms of Section 120(5) of the I. T. Act, 1961. (f) Any other case/cases assigned u/s 127 by the CCIT/CIT.
4.	Income Tax Officer, Dewas	Dewas Madhya Pradesh	All persons falling in the Municipal Areas of Dewas.	(a) All persons being Individuals, HUFs & Firms deriving income from business or profession whose principal place of business or profession is within the territorial area mentioned in Col.4 and income/loss returned is upto Rs.10 Lakhs. (b) All person being Individuals, HUFs & Firms, deriving income under the head House Property, Capital Gains and/or Other Sources etc. Residing within the territorial area mentioned in Col. 4 and in whose cases income/loss returned is upto Rs. 10 Lakhs. (c) All persons being employee of Central Government as well as State Government residing in territorial area mentioned in Col. 4, in whose cases income/loss returned in upto Rs. 10 Lakhs. (d) All persons being companies registered under Companies Act, 1956 and having registered office or principal place of business within the territorial area mentioned in Col. 4 in whose cases income/loss returned is upto Rs. 15 Lakhs. (e) Any other case/cases assigned in terms of Section 120(5) of the I. T. Act, 1961. (f) Any other case/cases assigned u/s 127 by the CCIT/CIT.

PRADEEP KUMAR MITRA
Additional Commissioner of Income Tax,
Range-1, Ujjain.

राज्य शासन के आदेश

राजस्व विभाग

कार्यालय, कलेक्टर, जिला विदिशा, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

विदिशा, दिनांक 4 अगस्त 2011

प्र. क्र. 43-ए-82-2010-2011.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इसके संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार, इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को, इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) में दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 (2) के अन्तर्गत	सार्वजनिक प्रयोजन
जिला	तहसील	ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टर में)	प्राधिकृत अधिकारी	का वर्णन
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
विदिशा	शमशाबाद	खताखेड़ी	3.093	भू-अर्जन अधिकारी, नटेरन	सापन उद्वहन सिंचाई योजना के (नहर) कार्य हेतु.
			योग . . 3.093		

(2) सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिए आवश्यकता है.—सापन उद्वहन सिंचाई योजना (नहर) कार्य.

(3) भूमि के नक्शे (प्लान) का निरीक्षण जिलाध्यक्ष कार्यालय में किया जा सकता है.

प्र. क्र. 44-ए-82-2010-2011.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इसके संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार, इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को, इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) में दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 (2) के अन्तर्गत	सार्वजनिक प्रयोजन
जिला	तहसील	ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टर में)	प्राधिकृत अधिकारी	का वर्णन
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
विदिशा	शमशाबाद	नशरतगढ़	0.435	भू-अर्जन अधिकारी, नटेरन	सापन उद्वहन सिंचाई योजना के (नहर) कार्य हेतु.
			योग . . 0.435		

(2) सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिए आवश्यकता है.—सापन उद्वहन सिंचाई योजना (नहर) कार्य.

(3) भूमि के नक्शे (प्लान) का निरीक्षण जिलाध्यक्ष कार्यालय में किया जा सकता है.

प्र. क्र. 45-ए-82-2010-2011.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इसके संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार, इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को, इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) में दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 (2) के अन्तर्गत	सार्वजनिक प्रयोजन
जिला	तहसील	ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टर में)	प्राधिकृत अधिकारी	का वर्णन
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
विदिशा	शमशाबाद	लभाखेड़ी	3.756	भू-अर्जन अधिकारी, नटेरन	सापन उद्वहन सिंचाई योजना के (नहर) कार्य हेतु.
			योग . . 3.756		

(2) सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिए आवश्यकता है.—सापन उद्वहन सिंचाई योजना (नहर) कार्य.

(3) भूमि के नक्शे (प्लान) का निरीक्षण जिलाध्यक्ष कार्यालय में किया जा सकता है.

